वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 03.02.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ", अमर उजाला,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला–दि0 03.02.2025

36 करोड़ से वीडीए कराएगा सात स्थानों पर विकास कार्य

वाराणसी। वीडीए की अवस्थापना निधि के 36 करोड़ रुपये से शहर में सात विकास कार्य कराए जाएंगे। इससे शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ ही सड़क, सीवर और लाइट संबंधी समस्याओं का भी समाधान होगा। कार्यों को लेकर वीडीए को अवस्थापना निधि समिति से अनुमति मिल चुकी है।

इस अवस्थापना निधि से शहर में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए ट्रैफिक पुलिस को संसाधन दिए जाएंगे। वीडीए सीमा के 20 गांव में मिनी हॉट के तहत 5-5 दुकानों का निर्माण होगा। इंटरलॉकिंग का प्लेटफॉर्म बनेगा। नटिनियादाई मंदिर से रिंगरोड तक जलजमाव का निस्तारण होगा। स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज लाइन बिछाने के कार्य को गति मिलेगी। शिवपुर के स्पोर्ट्स स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। चौराहों पर स्कल्पचर, लैंडस्कैपिंग, फाउंटेन आदि के कार्य होंगे। ब्यूरो